तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 10.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी में पानी टंकी...



12 जिला पंचायत अध्यक्ष ने की डाइट में अकादमिक...



# विभाग सख्त, जिले में खनिज अवैध परिवहन के 6 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के साथ जिले में अवैध धान भंडारण एवं संग्रहण के विरुद्ध


हरिभूमि
जोंक नदी के बल्दीडीह घाट से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन जारी

## कुल एक लाख 20 हजार से अधिक की समझौता राशि वसूल

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में लगातार जारी कार्रवाई जारी है। खनिज राजस्व अमला द्वारा जोंक नदी के बल्दीडीह घाट क्षेत्र में जांच के दौरान आबंटित क्षेत्र से अधिक जगह किए जा रहे खना और अन्य अनियमितताओं के संबंध में खनिज विभाग द्वारा संबंधित (रोहित साहू एवं शिवपूजन गुप्ता) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

खनिज अधिकारी फागू लाल नागेश ने बताया कि बल्दीडीह रेत खदान 21 अक्टूबर 2024 से 20 अक्टूबर 2029 तक की अवधि हेतु उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। इसी क्रम में लिलेसर रेत घाट क्षेत्र में अवैध उत्खनन की सूचना पर खनिज विभाग द्वारा 26 दिसम्बर की मध्यरात्रि में औचक जांच की गई। जांच के दौरान 01 नग चैन माउंटेन मशीन को जप्त कर ग्राम पंचायत परिसर में सीलबंद किया गया। इस संबंध में ग्राम कोटवार एवं सरपंच, ग्राम पंचायत लिलेसर को विधिवत सूचना दी गई। उक्त अवैध उत्खनन के प्रकरण में चेन माउंटेन ऑपरेटर गोविंदा डोहरे तथा चेन माउंटेन मशीन के मालिक/उत्खननकर्ता नीरज साहू, निवासी सुवरमाल, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है।

खबर का असर

कलेक्टर के निर्देशानुसार विभाग द्वारा विगत एक सप्ताह में खनिज के अवैध परिवहन के कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। खनिजवार रूप से रेत के 05 प्रकरण, फर्शी पत्थर के 02 प्रकरण तथा मुरूम का 01 प्रकरण दर्ज कर कुल एक लाख 20 हजार 150 रुपए की समझौता राशि वसूल कर निर्धारित मद में जमा कराई गई है। खनिज विभाग द्वारा जिले में किसी भी प्रकार के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई, 1350 कट्टा धान जब्त

जिले में अवैध धान भंडारण एवं संग्रहण के विरुद्ध कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार लगातार जारी कार्रवाई के क्रम में दो अलग-अलग विकासखंडों में कार्रवाई के दौरान कुल 1350 कट्टा धान जब्त किया गया। बसना विकासखंड अंतर्गत बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में ग्राम मोहका में राजस्व एवं संबंधित विभागीय अमले द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान उत्तम कुमार बारीक के पास अवैध रूप से संग्रहित 1000 पैकेट धान पाया गया। मौके पर ही नियमानुसार संबंधित रकबे का समर्पण



कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। वहीं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत खड़ा दरहा मुंगासेर क्षेत्र में डिप्टी कलेक्टर शुभम देव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जांच के दौरान लगभग 350 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया, जिसे नियमानुसार मंडी के सुपुर्द किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर अवैध रूप से धान का संग्रहण, परिवहन अथवा भंडारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** नगर के शिव चौक नयापारा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को लक्ष्मीनारायण गोस्वामी 5 जनवरी की रात 10 बजे के आसपास वार्ड नं 6 शिव चौक नयापारा महासमुंद में उसके छोटे भाई शिवा गोस्वामी के साथ पंकज जलक्षत्री किसी बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा कर रहा था, जब उसने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हुए किसी नुकीली वस्तु से बाएं जांघ के पास और बाएं हाथ में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कट मारकर बाइक चलाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** कट मारकर बाइक चलाने से मना करने पर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को चंद्रहास यादव धरमपुर थाना सांकरा ने बताया कि 06 जनवरी को वह अपने गृहग्राम धरमपुर से सुबह करीबन 10 बजे अपने जीजा मिनीकेतन बगर्ती के साथ अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीए 6083 से अपने ससुराल ग्राम डोंगरीपाली जाने के लिये निकला था। करीब 12.30 बजे ग्राम टेका पहुंचने पर उक्त गांव के सूर्या के द्वारा अपनी मोटर सायकल कट मारकर चलाया गया, जिसे उसने मना किया, तब आरोपी सूर्या के द्वारा मुझे गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए किसी धारदार वस्तु से मेरे बांये कंधे में मारकर चोट पहुंचाया है। बीच बचाव करने पर उसके जीजा मिनीकेतन बगर्ती के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## कार्रवाई : 5 क्विंटल से अधिक नशीला पदार्थ जब्त

# एंबुलेंस से गांजा तस्करी का भंडाफोड़, 3 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की कोमाखान पुलिस ने एंबुलेंस का इस्तेमाल कर गांजा तस्करी कर रहे लोगो को गिरफ्तार किया है। टेमरीनाका पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने 520 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 करोड़ 60 लाख रुपये आंकी जा रही है।

मंगलवार को कोमाखान पुलिस की टीम टेमरीनाका के पास रूटीन वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ओडिशा की तरफ से आ रही एक एंबुलेंस नंबर ओडी 02 एएक्स 5501 को पुलिस ने संदेह के आधार पर रोका। एंबुलेंस में तीन युवक सवार थे। शुरुआत में उन्होंने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, जब पुलिस ने एंबुलेंस की गहन तलाशी ली, तो ऊपर से देखने पर उसमें दवाइयों के कुछ कार्टून नजर आए, जिसे हटाने पर एंबुलेंस के अंदर बने विशेष चेंबर और सीटों के नीचे छिपाया गया माल बरामद हुआ। पुलिस को वहां से 14 सफेद प्लास्टिक की बोरियां और 16 खाकी रंग के कार्टून मिले। इन सभी में भारी मात्रा में गांजा भरा हुआ रहा। तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए एंबुलेंस के अंदर ही एक गुप्त चेंबर बनवा रखा था।




### इन पर कार्रवाई

पुलिस ने मौके से एंबुलेंस सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सागर बाघ (26 वर्ष) निवासी जालना, महाराष्ट्र, संजीव अहीरे (45 वर्ष) निवासी औरंगाबाद, महाराष्ट्र एवं सुशील दावडे (20 वर्ष) निवासी औरंगाबाद, महाराष्ट्र के रुप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे यह खेप ओडिशा के भवानीपटना से लोड करके नागपुर (महाराष्ट्र) ले जा रहे थे। तलाशी के दौरान वाहन से महाराष्ट्र पासिंग की एक अन्य नंबर प्लेट भी बरामद हुई है। कोमाखान पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### कार से 15 लाख का गांजा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पलसापाली बैरियर के पास वाहन चेकिंग के दौरान बसना पुलिस ने एक कार से 15 लाख रुपए का 30 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 6 जनवरी को पलसापाली बैरियर में वाहन चेकिंग के दौरान सियाज कार क्रमांक सीजी04पीवी 0112 को रोका गया। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम पता लकेश्वर यादव पिता राजकुमार यादव परतेवा थाना राजिम जिला गरियाबंद (छग) होना बताया। कार की तलाशी लेने पर पीछे डिक्की में दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों के अंदर मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। पुलिस ने कार से कुल 30.200 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमत 15, 00, 000 रुपए, कार कीमत 5, 00, 000 रुपए एक मोबाइल बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जुआ फड़ में छापा, 15 लोगों से 1.81 लाख और 12 बाइक जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम ठाकुरदिया के पाकेरखार में चल रहे जुआ फड़ पर तेंदूकोना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 लोगों को पकड़ा। इनमें से एक रसूखदार जुआरी को छोड़ दिए जाने की खबर पर लोगों का स्पष्ट कहना है कि पुलिस सत्ता पक्ष के दबाव में है और पकड़े गए जुआरी के राजनितिक पहुंच के चलते उसे रात को 3 बजे थाने से छोड़ दिया गया। मामले की जांच और सीसी टीवी की पड़ताल से पूरा सच सामने आ जाएगा।

■ राजनीतिक दबाव में एक रसूखदार जुआरी को आधी रात भगाए जाने की खबर

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 1.81 लाख नगद समेत कुल 19.92 लाख रुपए का सामान जब्त किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि 6 जनवरी को जरिये ठाकुरदिया पाकेरखार में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त स्थल पर घेराबंदी कर छापा मारा। पकड़े गए जुआरियों में विद्याधर पटेल पिता विपत्ति लाल पटेल (50 वर्ष) ठाकुरदिया, गोविंद राम पटेल पिता तुलाराम पटेल (42 वर्ष) सराईपाली थाना तेंदूकोना, कुंजराम पटेल पिता दुलार सिंग पटेल (42 वर्ष) खुटेरी थाना पिथौरा, प्रकाश पटेल पिता हलधर पटेल (42 वर्ष) कोहाकुडा थाना पिथौरा प्रकाश डडसेना पिता भुनेश्वर डडसेना (52 वर्ष) अरंड थाना पिथौरा, सतीश शर्मा पिता रामप्रसाद शर्मा (44 वर्ष) बुंदेली थाना तेंदूकोना, चोवाराम साहू पिता गणेश राम साहू (34 वर्ष) बुंदेली थाना तेंदूकोना, कुंदन पटेल पिता विद्याधर पटेल (35 वर्ष) ठाकुरदिया थाना तेंदूकोना, सतपाल सिंह पिता हरबंश सिंह (36 वर्ष) पिथौरा थाना पिथौरा, पंकज वासुदेव पिता मोहन प्रसाद वासुदेव (20 वर्ष) इंद्रा कालोनी, पिथौरा थाना पिथौरा, मनोज कालसा पिता इंद्रजीत कालसा (35 वर्ष) वार्ड नं 11 पिथौरा, देवनाथ दीवान पिता जीवरामन दीवान (60 वर्ष) ठाकुरदिया थाना तेंदूकोना, भागीरथी ध्रुव पिता कुंवर सिंग ध्रुव (41 वर्ष) ठाकुरदिया थाना तेंदूकोना, रवि अग्रवाल पिता शंकर अग्रवाल (36 वर्ष) वार्ड नं 8 लहरौद थाना पिथौरा, अवतार सिंह पिता सुरजीत सिंह (65 वर्ष) वार्ड नं 15 पिथौरा शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि 11 जुआरियों के विरूद्ध धारा 4 जुआ एक्ट एवं आरोपीगण रवि अग्रवाल, सतपाल सिंह, विद्याधर पटेल एवं कुंदन पटेल के द्वारा संगठित रूप से जुआ संचालन करना पाए जाने पर उनके विरूद्ध धारा 4 जुआ एक्ट, 112, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर 12 वाहन कीमत 1686000 रुपए, 12 नग मोबाइल कीमत 125000 रुपए एवं आरोपीगणों व फड़ से जब्त रकम 180995 रुपए कुल जुमला 19, 91, 995 को बरामद किया गया।

आरोपी को गुपचुप तरीके से भगाए जाने के मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने कहा है कि तेंदूकोना थाना प्रभारी प्रवीण चौहान के स्थान पर बागबाहरा थाना प्रभारी शशांक पौराणिक द्वारा कार्रवाई की गई है। जुआरी को भगाए जाने की खबर मिली है। सूचना की तस्दीक और सीसी टीवी फुटेज से जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई भी जरुर होगी।

# अपमानित करने की दृष्टि से दिया गया प्रश्न, हिंदू समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कक्षा चौथी की परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में हिंदू संगठनों ने डीईओ के घेराव करने की चेतावनी दी है। हिंदू संगठनों ने बताया कि जिले के अर्धवार्षिक परीक्षा सन 2025-26 कक्षा चौथी के अंग्रेजी प्रश्न पत्र के प्रथम प्रश्न में हमारे आराध्य भगवान श्रीराम को जानबूझकर अपमानित करने की दृष्टि से एक प्रश्न दिया गया। प्रश्न क्रमांक 1. what is the name of mona's dog? जिसकी संभावित उत्तर भी दिया गया है, (a)Bala, (b) no one is mentioned, (3) sheru, (4) ram। इस प्रश्न पत्र तैयार करने वाले, अनुमोदित करने वाले एवं उक्त प्रश्न को जानबूझकर विस्तार करने वाले लोगों ने एक कुत्ते का संभावित नाम सनातनी लोगों की आराध्य भगवान राम का नाम देखकर उपहास कर अपमानित किया है। इसमें हिंदू धर्म को नीचा दिखाने की दृष्टि से, आस्था को ठेस पहुंचाने एवं आराध्य को अपमान करने के लिए इस शब्द का उपयोग किया गया है, इससे समस्त हिंदू जनमानस की भावना आहत हुई है।

### ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महासमुंद द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर ऐसे अधिकारी



कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई है। अन्यथा की स्थिति में सात दिवस के भीतर कार्रवाई न होने पर पूरे जिले में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा घेराव किया जाएगा।

### कोतवाली में भी दिया आवेदन

इस मामले को लेकर वार्ड क्रमांक 21, सुभाष नगर निवासी विजय महतो ने सिटी कोतवाली महासमुंद में लिखित आवेदन देकर जिला शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया है। कोतवाली में आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस द्वारा नियमानुसार परीक्षण किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक इस विषय में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### धान की चोरी कर रहे व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ा

**महासमुंद।** धान की चोरी कर रहे एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ा। मामला ग्राम बरेकेल का है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रकाश चंद्राकर पिता तेजराम चंद्राकर (46 वर्ष) ग्राम बरेकेल कला ने बताया कि 5 जनवरी की रात करीबन 10.30 बजे उसके पड़ोसी दशरथ दीवान के ब्यारा में रखे मेरे धान को गांव का टीकम निषाद पिता परसराम निषाद द्वारा चोरी करने की नीयत से एक प्लास्टिक बोरी में भरकर ले जा रहा था। जब उसने ब्यारा जाकर देखा तो पाया कि टीकम निषाद पिता परसराम निषाद उसके धान को प्लास्टिक बोरी में भर रहा था। उसी वक्त घटना के बारे में ब्यारा मालिक दशरथ दीवान, पड़ोसी छबिलाल दीवान, लेखराम दीवान को जानकार। पूछताछ में आरोपी टीकम निषाद ने धान को चोरी करने की नीयत से प्लास्टिक बोरी में भरना स्वीकार किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2), 62 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## चमकाने के बहाने जेवर लेकर हुआ था फरार, बिहार से गिरफ्तार

**महासमुंद।** सोना-चांदी चमकाने के बहाने करीब 10 लाख रुपए के जेवर की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को पुलिस ने बिहार के भागलपुर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से जेवर चमकाने का रसायन (पाउडर) और दो लाख रुपए नकद बरामद किया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार घटना 23 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 11:30 बजे की है। आकाश चंद्राकर की मां सरिता चंद्राकर को घर में अकेली पाकर दो अज्ञात पहुंचे और खुद को बर्तन व सोना-चांदी साफ करने वाला बताकर भरोसा जताने आरोपियों ने पहले पीतल की बाल्टी साफ कर दिखाकर महिला का विश्वास हासिल किया। बाद सोने के चार कंगन और एक अंगूठी साफ करने के बहाने अपने कब्जे में ले लिए। आरोपियों ने गरम पानी मंगवाया और उसमें कोई रासायनिक पदार्थ डाल दिया, जिससे पानी का रंग पीला हो गया। उन्होंने दावा किया कि इसी पानी में जेवर डालने से वे चमक जाएंगे। इसी बीच हाथ धोने का बहाना बनाकर दोनों बाहर निकले और कीमती जेवर लेकर फरार हो गए। आरोपी को ट्रांजिस्ट रिमांड पर महासमुंद लाया गया, जहां सिटी कोतवाली महासमुंद में उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

# बकाया बिजली बिल पर सख्ती : तुमगांव वितरण केंद्र में 86 उपभोक्ताओं की लाइन कटी, 2.12 लाख की वसूली

**महासमुंद।** बकाया बिजली बिल की वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए महासमुंद संभाग में अभियान तेज कर दिया है। अधीक्षण अभियंता वायके मनहर, महासमुंद (वृत्त) के निर्देशन में राजस्व वसूली हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में तुमगांव वितरण केंद्र के अंतर्गत बुधवार को लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं की सामूहिक रूप से बिजली लाइन विच्छेदन की कार्रवाई की गई। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुमगांव वितरण केंद्र क्षेत्र में कुल 86 ऐसे उपभोक्ता



चिन्हित किए गए, जिन पर कुल बकाया राशि 30 लाख 12 हजार 070 रुपये थी। इनमें गिरिराज शर्मा, देवतिन बाई, सुखराम दिवान (तुमगांव), मयाराम यादव (कौवाझर), मेघनाथ साहू, संतोष यादव, गोविंदराम (भोरिंग) तथा धनीराम केवट (पिढ़ी) सहित अन्य उपभोक्ता शामिल हैं। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। लाइन विच्छेदन की कार्रवाई के बाद 14 उपभोक्ताओं द्वारा तत्काल बकाया भुगतान करते हुए कुल 2 लाख 12 हजार 880 रुपये की राशि जमा की। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि राजस्व वसूली की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

विभाग ने चेतावनी दी है कि लाइन विच्छेदन के बाद यदि किसी उपभोक्ता द्वारा अनधिकृत रूप से विद्युत लाइन जोड़ी जाती है, तो उसके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## विपत्तियों में ही चलता है श्रद्धालुओं की भक्ति का पता : शास्त्री महाराज



**रायपुर।** तेंदुआ हीरापुर डॉट रायपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास पंडित झम्मन शास्त्री ने प्रहलाद चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। साथ ही उन्होंने राजा बलि की कथा गाते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है, विपत्तियां श्रद्धालुओं की भक्ति की परीक्षा भी है और अवसर भी है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया। अंत में भगवान स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत किया। उन्होनहमें भी विपत्तियों में भगवान के परीक्षा को समझना चाहिए एवं भगवान पर विश्वास करना चाहिए राजा बलि की कथा सुनाते हुए दान की विशेष महत्व को बताएं दान करने से धन की शुद्धता होती है। आज के समय में लोग तरह-तरह के यत्न करके पैसा कमा रहे हैं। भागवत कथा अमृत तुल्य है। यह कार्यक्रम बबीता मनहरन दुबे सहित समस्त दुबे परिवार द्वारा आयोजित किया गया।

## 31 तक ऑनलाइन टोकन बंद, किसानों में आक्रोश



**रायपुर।** 31 जनवरी तक ऑनलाइन टोकन बंद करने से किसानों में भारी आक्रोश है। धान खरीदी समिति द्वारा लगातार मांग पर भी लिमिट नहीं बढ़ाने के कारण भारी समस्या का आलम ह। यही स्थिति लगभग सभी खरीदी केंद्रों का है। कुकेरा, कुथरेल, सिलयारी, पथरी, सारागांव आदि समितियों द्वारा लगातार खरीदी लिमिट बढ़ाने मांग करता रहा, लेकिन सरकार ने नहीं बढ़ाए, जिसके कारण किसानों को आफत में डाल दिया। इसी दौरान किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि किसानों को लगातार परेशान करने का काम किया जा रहा है, अब भीषण संकट किसानों को टोकन आखिरी में 31 जनवरी तक बुक हो चुका है, वर्तमान लिमिट में खरीदी संभव नहीं है अर्थात खरीदी लिमिट बढ़ाए, जिससे किसानों को टोकन मिल जाए अन्यथा किसानों को मजबूरन आंदोलन करने बाध्य होंगे।

## छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

**रायपुर।** सर्वोदय नगर टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में विगत दिनों वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर छात्रों ने अपनी प्रतिमा का शानदार प्रदर्शन किया। और साल भर की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, पुरस्कार केवल एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह आपकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से कहा कि आज जो वे सीख रहे है, वहीं कल उनके उज्जवल भविष्य की नींव बनेगा। कार्यक्रम को विधायक पुरंदर मिश्रा, सत्यबाला अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि संबोधित किया। कार्यक्रम में सिद्धार्थ अग्रवाल, राकेश चतुर्वेदी, मृणाली अग्रवाल सहित विद्याथी उपस्थित रहे।

## राज्य में जनगणना की तैयारियां तेज, समन्वय समिति की बैठक

**रायपुर।** जनगणना 2027 के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक आज मुख्य सचिव विकास शील की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग है, जो भारत सरकार, जनगणना निदेशालय एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनगणना संपादन में अपनी भूमिका का निर्वहन करता है।

# छोटे अस्पतालों पर तीन एमबीबीएस डाक्टरों की नियुक्ति का बड़ा भार, आयुष्मान का समय पर नहीं हो रहा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीस बिस्तर के अस्पतालों में तीन एमबीबीएस डाक्टरों की नियुक्ति उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा डाक्टरों के तीन हास्पिटलों में प्रैक्टिस की बाध्यता छोटे और मध्यम अस्पतालों में होने वाले बड़े ऑपरेशन को बंद करा सकते हैं। आयुष्मान योजना में होने वाले इलाज का समय पर भुगतान और सात साल पुराने पैकेज को रिवाइज करने की आवश्यकता है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने नए संचालक चिकित्सा सेवा संजीव झा को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से उपचार के दौरान आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया है। उन्हें जानकारी दी गई कि बीस बिस्तर के पीछे चौबीस घंटे में तीन डाक्टरों की नियुक्ति का नियम है, जो छोटे और मध्यम हास्पिटलों के लिए परेशानी का कारण है। कई अस्पताल की स्थिति तीन डाक्टरों के वेतन का भार उठाने लायक नहीं है ऐसे में उनके सामने हास्पिटल बंद करने की नौबत आ रही है। नए पोर्टल में एक डाक्टर को तीन हास्पिटलों में सेवा देने की अनुमति दी गई है। ऐसे में छोटे और मध्यम हास्पिटलों में ऑपरेशन बंद हो सकते हैं जिसका सीधा असर मरीजों पर होगा। सभी मरीज कार्पोरेट हास्पिटल में जाकर इलाज कराने की स्थिति में नहीं होते। उन्हें बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अस्पतालों को भुगतान न तो समय पर प्राप्त हो रहा है और न ही पूर्ण राशि मिल रही है जिससे अस्पतालों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

### डाक्टरों पर तीन हास्पिटलों में प्रैक्टिस की बाध्यता, प्रभावित हो सकती है सर्जरी

**निगरानी समिति गठित**

योजना के पैकेज के पुनरावलोकन की मांग काफी समय से की जा रही है, परंतु पिछले लगभग 7 वर्षों से उसी दर पर कार्य किया जा रहा है। उनसे डिमांड की गई है कि स्वास्थ्य सहायता योजना की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निगरानी समिति गठित की जाए। इसमें आईएमए के एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाए ताकी योजना में होने वाले फर्जीवाड़े पर रोक लगाई जा सके।




### अनुबंध अनुसार मार्च 2024 तक पूरा हो जाना था काम

# महाराजबंध एसटीपी निर्माण में देर से महापौर नाराज, कार्य जल्द पूरा कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नालियों का गंदा पानी तालाब को कर रहा दूषित

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ महामाया मंदिर वार्ड के महाराजबंध तालाब में बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का निरीक्षण किया। कार्य में देर को लेकर महापौर मीनल चौबे बिफर उठीं, उन्होंने एसटीपी निर्माण का कार्य जल्द पूरा कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। महाराजबंध तालाब में 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने नागपुर की समृद्धि वाटर वर्क कंपनी को ठेका दिया गया है। 29 जुलाई 2022 को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया। अनुबंध की शर्त के अनुसार 1 साल की समय अवधि में यह कार्य पूरा करना था, जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है।



महाराजबंध तालाब में नालियों का गंदा पानी आने के कारण तालाब का पानी दूषित हो चला है। गंदा पानी को उपचारित कर तालाब का जलस्तर बढ़ाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड वहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने ऑनलाइन टेंडर कर ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी शुरुआत में लैंड इशू के कारण 1 साल तक काम शुरू कर नहीं पाई। इसके बाद अनुबंधित एजेंसी ने काम तो शुरू किया, पर काम की सुस्त रफ्तार के कारण निर्धारित समय में काम पूरा नहीं हो पाया। कम मैनपावर रखने और एक साथ तीन तालाबों के एसटीपी निर्माण करने के कारण कार्य प्रभावित हुआ।

महापौर मीनल चौबे ने एसटीपी निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान तालाब किनारे एसटीपी के समीप गंदगी नहीं जाने देने तत्काल जाली लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने एनजीओ ग्रीन आर्मी के स्वयं सेवकों के साथ तालाब की श्रमदान से सफाई का महाअभियान भी देखा। निगम के स्वास्थ्य विभाग को तालाब से बाहर निकाले गए कचरे को तत्काल परिवहन की व्यवस्था देने निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद प्रमोद कुमार साहू, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की सीओओ ऋचा चंद्राकर, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता अजय श्रीवास्तव, उप अभियंता राहु थौरानी, शुभम तिवारी, योगेन्द्र साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर, संदीप वर्मा, आदित्य हजारी, पूर्व पार्षद सरिता वर्मा, ग्रीन आर्मी के अमिताभ दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लखमा से मिले बघेल, बोले- जांच एजेंसियों के पास कोई ठोस तथ्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ भूपेश का आरोप- ईओडब्ल्यू अदालत के निर्देशों की अनदेखी कर रही

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में जांच एजेंसियों के पास कोई ठोस तथ्य नहीं हैं और सिर्फ परेशान करने के उद्देश्य से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, हाल ही में तीन और लोगों को प्रोटक्शन वारंट पर लिया गया है, वह भी सिर्फ उत्पीड़न के लिए।





मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मिलने रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में कवासी लखमा आरोपी हैं। बेटे चैतन्य बघेल के ज़मानत पर रिहा होने के बाद वे पहली बार जेल पहुंचे थे। उन्होंने जांच एजेंसियों को बीजेपी की बी टीम करार देते हुए विपक्षी नेताओं को बिना ठोस सबूत के परेशान करने का आरोप लगाया।

### बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में जांच एजेंसियों के पास कोई ठोस तथ्य नहीं हैं और सिर्फ परेशान करने के उद्देश्य से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, हाल ही में तीन और लोगों को प्रोटक्शन वारंट पर लिया गया है। वह भी सिर्फ उत्पीड़न के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ईडी ने अपनी फाइनल रिपोर्ट सबमिट कर दी है, लेकिन ईओडब्ल्यू ने अब तक रिपोर्ट दाखिल नहीं की है।उन्होंने आरोप लगाया कि ईओडब्ल्यू अदालत के निर्देशों की अनदेखी कर रही है और खुद को कानून से ऊपर समझ रही है।

### लखमा के साथ अन्याय, राज्य की जनता देख रही- साव

भूपेश बघेल के सेंट्रल जेल जाकर लखमा से मुलाकात पर उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, उनके साथ जिस तरह का अन्याय हुआ, उसे पूरी छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है। उन्होंने कहा, जेल में कवासी लखमा से मिलना, भूपेश बघेल का व्यक्तिगत निर्णय है और उन्हें मिलना भी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, बेटे को जमानत मिल गई है, लेकिन जिस निर्दोष आदिवासी नेता के साथ अन्याय हुआ है, उसकी सच्चाई प्रदेश की जनता के सामने है।

### *ठीक है लखमा का स्वास्थ्य*

*शराब घोटाला मामले में सेंट्रल जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, फिलहाल कवासी लखमा का स्वास्थ्य ठीक है। पिछली बार उन्हें सीने और पैर में दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को पत्र लिखा था, इसके बाद लखमा की जांच हुई और उन्हें दवाइयां भी दी गईं।*

# धनेली में चल रहा था डीजल का अवैध कारोबार, 1080 लीटर जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धनेली विधानसभा रोड के समीप दुर्गा ट्रेडर्स यार्ड में डीजल का अवैध कारोबार किया जा रहा था। सिलतरा पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के बाद इस यार्ड में छापा मारकर यहां से 1080 लीटर डीजल जब्त किया गया है। पुलिस ने इस यार्ड के संचालक को भी गिरफ्तार किया है। सूत्रों की मानें, तो इस यार्ड में कई महीनों से नहीं, बल्कि कई वर्षों से डीजल का अवैध कारोबार चल रहा था। इसकी सूचना पुलिस को अब जाकर हुई है।

सिलतरा चौकी प्रभारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि धनेली विधानसभा रोड स्थित दुर्गा ट्रेडर्स नामक यार्ड में अवैध रूप से डीजल का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर टीम ने यहां छापा मारा। इस दौरान घेराबंदी करते हुए यार्ड में मौजूद उमेश साव 53 वर्ष निवासी हर्षित विहार कॉलोनी उरकुरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उमेश ने पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन जब मौके से जब्त किया गया डीजल के वैध दस्तावेज मांगे, तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाया। पूछताछ में उसने यह भी बताया कि वह यार्ड का संचालक है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।



**डीजल से भरे 6 ड्रम बरामद**

इस छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने यार्ड से प्लास्टिक के 6 ड्रम बरामद किए हैं। इन सभी ड्रमों में कुल 1080 लीटर डीजल भरा हुआ था, जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख 40 रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धरसींवा थाना में धारा 287 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार उमेश साव पूर्व में भी पेट्रोल-डीजल के अवैध कारोबार के मामले में जेल जा चुका है।

# मरीजों को जरूरी दवाई रीएजेंट और एंबुलेंस हमेशा उपलब्ध कराने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जरूरी दवाई, जांच संबंधी रीएजेंट और एंबुलेंस की सुविधा देने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। चौबीस घंटे और सातों दिन अस्पताल में इसके पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। इसके अलावा पोषण पुर्नवास केंद्र के हमेशा बच्चों को भर्ती कर इलाज की सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया।

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संजीव झा ने मंगलवार को जिला अस्पताल पंडरी और कालीबाड़ी के मातृ शिशु हास्पिटल पहुंचकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीजों का शत प्रतिशत आभा आईडी बनाने पर जोर दिया। प्रसव कक्ष में भर्ती होने वाले सभी मरीजों का नेक्सजेन-ई हास्पिटल में शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने पर जोर दिया। नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में भर्ती होने वाले बच्चों की जानकारी लेकर वहां मानव संसाधन की कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सालय में आवश्यक दवाइयां, उपकरण, रीएजेंट एवं एंबुलेंस की हमेशा उपलब्ध कराने कहा। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में संचालित पैथोलॉजी लैब, स्टोर में सीजीएमएससी से मिलने वाले दवाइयों की ऑनलाइन एंट्री करने की हिदायत दी गई। पोषण पुनर्वास केंद्र में 100 फीसदी बेड पर मरीज रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी और सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी से अस्पताल में कमियों के संबंध में चर्चा कर उसे जल्द से जल्द ही दूर करने की हिदायत दी गई।



# 3 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग निगम ने रोका लालपुर में 26 गोडाउन को नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 की टीम ने मंगलवार को बोरियाखुर्द में हो रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के नेतृत्व में आरडीए बिल्डिंग के पास करीब 3 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर की गई। इसमें डीपीसी मुरुम मार्ग को मशीन से ध्वस्त कर मार्ग बाधित किया गया। इसके पूर्व जोन 10 अंतर्गत 2 अवैध प्लाटिंग प्रकरणों पर 1,845 हेक्टेयर क्षेत्र में अधिनियम अनुसार प्रबंध अधिग्रहण की कार्रवाई करने आम सूचना प्रकाशन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर नगर निगम द्वारा प्रबंध अधिग्रहण की ऐसी कार्रवाई पहली बार की गई है। लालपुर फल मंडी के पीछे आवासीय भवन का व्यावसायिक उपयोग करने पर 26 गोडाउन संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। नियम अनुसार नोटिस प्रक्रिया पूरी होने के बाद अवैध निर्माण हटाने अथवा सीलबंद या नियम अनुसार गोडाउन संचालकों को राजीनामा कराने प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम जोन 10 की टीम ने सड़क बाधा, ग्रीन नेट और सीएंडडी वेस्ट सहित अन्य पर 21 हजार रुपए का चालान जारी किया।

# पदोन्नत होकर उपनिरीक्षक बने अधिकारियों के कंधों पर लगे स्टार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने मंगलवार को सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। नववर्ष पर 8 सहायक उपनिरीक्षकों को उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

इन सभी पुलिस अधिकारियों के लिए सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान एसएसपी ने लाल उमेद सिंह ने पदोन्त हुए अतुलेश राय, झाम सिंह राजपूत, देव कुमार वर्मा, दीपक कुमार साहू, हरीशचंद्र द्विवेदी, राजेंद्र प्रसाद गौतम, राधेश्याम सोनबेर (साहू) एवं चंद्रिका प्रसाद साहू के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया और शुभकामनाएं देते हुए सभी को नवीन पद के साथ प्राप्त दायित्वों एवं कर्तव्यों का और अधिक निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं पदोन्नत अधिकारियों के परिवारजन भी उपस्थित रहे।



### इलाज के बाद अब त्रिभुवन की हालत खतरे से बाहर

# हिट एंड रन मामले में लक्की सिंह गिरफ्तार, थाने से मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और वर्तमान भाजपा विधायक रेणुका सिंह के बेटे लक्की सिंह को हिट एंड रन मामले में तेलीबांधा पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद थाने से ही रिहा कर दिया है। बताया जा रहा है कि लक्की सिंह की कार से घायल हुए बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

### दो दिन पहले अग्रसेन धाम चौक के पास किया था एक्सीडेंट

भरतपुर सोनहट की विधायक रेणुका सिंह का बेटा लक्की सिंह अपने अन्य साथियों के साथ रायपुर आया था। ये सभी कार में सवार थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार को लक्की सिंह चला रहा था। अग्रसेन धाम चौक के पास कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह काफी दूर जा गिरा था। इस दुर्घटना में बाइक सवार त्रिभुवन सिंह ठाकुर को गंभीर चोटें आईं। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां इलाज के बाद अब त्रिभुवन की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। इधर इस मामले में तेलीबांधा पुलिस ने लक्की सिंह को गिरफ्तार किया है, लेकिन उसे थाने से ही जमानत मिल गई है। पुलिस ने फिलहाल लक्की सिंह के विरुद्ध धारा 181, 125ए के तहत अपराध दर्ज किया है।


भाजपा विधायक के बेटे ने कार से बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अग्रसेन धाम के पास भाजपा विधायक के बेटे ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक चालक अपनी बाइक से

पुलिस कर रही पूछताछ

घटना स्थल से भाग जाने के बाद पुलिस घटना स्थल पर उपस्थित लोगों के बयान के आधार पर कार चला रहे भाजपा विधायक के बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



### *कार में दो युवती सहित अन्य युवक सवार थे*

*घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया था कि जिस समय कार ने बाइक को टक्कर मारी थी, उस समय कार में लक्की सिंह के अलावा दो युवती सहित अन्य युवक भी सवार थे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में फिलहाल कार चालक लक्की सिंह के खिलाफ ही अपराध दर्ज किया है। तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि लक्की सिंह के विरुद्ध अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया था, लेकिन जमानत पर छोड़ दिया है।*

## खबर संक्षेप

### त्रिमूर्ति कॉलोनी में शिव महापुराण कथा 9 से

**महासमुद।** नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी ने बताया कि स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में 9 जनवरी से 17 जनवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन समस्त त्रिमूर्ति कॉलोनी के निवासियों द्वारा किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा में 9 जनवरी को गणेश पंचांग पूजन, जल कलशयात्रा, महात्म्य कथा, 10 जनवरी को अग्नि स्तंभ प्रादुर्भाव, पार्थिव शिवलिंग महात्म्य, 11 जनवरी को नारद मोह, सृष्टि विस्तार वर्णन, 12 जनवरी को सती चरित्र, दक्ष यज्ञ. 13 जनवरी को शिव पार्वती विवाह उत्सव, 14 जनवरी को श्री गणेश स्कंध जन्म, 15 जनवरी को जलंधर शंखचूड़ उद्धार, तुलसी महिमा, 16 जनवरी को द्वादश ज्योर्तिलिंग प्राकट्य, बेलपत्र वर्षा, चढ़ौत्री, शोभायात्रा, 17 जनवरी को पूजन हवन पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा का समय दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक है। त्रिमूर्ति कॉलोनीवासियों द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के कथावाचक नगर पुरोहित पंक्षित पंकज तिवारी होंगे। सहयोगी पंडित दिनेश प्रसाद चौबे, पडित सूर्य प्रकाश उपाध्याय रहेंगे। कॉलोनीवासियों ने समस्त धर्मप्रेमियों से कथास्थल पर उपस्थित होकर कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

### गणेशपुर में 8 से श्रीमद् भागवत कथा

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 8 से 16 जनवरी तक किया गया है। कथावाचिका श्रीमती पुष्पा पाण्डेय अभनपुर होंगी। आयोजक समिति ने बताया कि दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक कथा होगी। आयोजन की तैयारी में आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### चंदनबिरही में मड़ई आज

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही की मड़ई 8 जनवरी गुरूवार को रखी गई है। ग्रामीण हेमप्रकाश गंजीर ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु रात्रि में शिवसागर नाचा पार्टी डोंगरगढ़ का आयोजन किया गया है।

### चिटौद में मड़ई मेला उत्सव 9 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद में मड़ई मेला उत्सव 9 जनवरी शुक्रवार को रखा गया है। सरपंच तीरथ यादव ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन होगा।

### रावनगुड़ा में सत्संग समारोह 10 से

**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 10 तथा 11 जनवरी को किया गया है। इस अवसर पर सुश्री साध्वी चंद्रकला साहेब द्वारा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवचन दिया जाएगा। उत्तम साहू, मनहरण साहू, डॉ. प्यारेलाल, महेश राम, झुमुकलाल, परमानंद, सालिकराम, स्वरूप, त्रिलोचन, गुलाब, मिथिलेश, सुरेश, घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### अनुराग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त

**जीजामगांव।** तहसील साहू संघ कुरूद की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने सर्वसम्मति से अनुराग साहू को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया। यह जिम्मेदारी वरिष्ठ समाजसेवी और पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सौंपी गई।

---

**आक्रोश:** ग्राम ठाकुरदिया कला में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

# शिक्षकों की कमी से नाराज ग्रामीणों ने प्राथमिक व मिडिल स्कूल में की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)



विकासखंड अंतर्गत ग्राम ठाकुरदिया कला में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से नाराज ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल में तालाबंदी कर दी और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों एवं पालकों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय में बालवाड़ी से कक्षा पांचवीं तक कुल 72 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जबकि यहां केवल एक शिक्षिका पदस्थ है। शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए करीब छह माह बीत चुके हैं, लेकिन अतिरिक्त शिक्षक की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि एक शिक्षिका के भरोसे सभी कक्षाओं का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं, पास के मिडिल स्कूल में चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं भी तालाबंदी के कारण प्रभावित हो गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक नियुक्ति को लेकर कई बार कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग को लिखित एवं मौखिक शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने स्कूलों में ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक की नियुक्ति नहीं की जाती, तब तक तालाबंदी जारी रहेगी। उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सूचना मिलने पर मौके पर संकुल समन्वयक नितेश साहू पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पिथौरा लक्ष्मी डड़सेना ने बताया कि ग्राम ठाकुरदिया कला में प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल आपस में मर्ज हैं। दोनों विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों को संयुक्त रूप से दोनों ही स्कूलों की कक्षाओं का संचालन करना होता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राथमिक शाला में दो शिक्षक पदस्थ थे, जिनमें से एक शिक्षक का निधन हो जाने के कारण वर्तमान में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत था। बीईओ ने आगे कहा कि तालाबंदी की सूचना प्राप्त होते ही विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए एक अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था कर दी गई है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।



### अध्यक्ष का किया स्वागत

**बागबाहरा।** जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित रायपुर बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के प्रथम आगमन पर जिला सहकारी बैंक के एसपी चंद्राकर, अविनाश शर्मा, ब्रांच मैनेजर नरेंद्र ठाकुर, श्रवण ठाकुर, सेवक चंद्राकर, प्रेम लाल सिन्हा व सभी सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष व समिति प्रबंध ने स्मृतिचिन्ह प्रदान उनका स्वागत किया।



### मंदिर में प्रसाद वितरण

**महासमुंद।** गुडरुपारा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति द्वारा मंगलवार को खिचड़ी प्रसादी का भोग लगाकर वितरण किया किया गया।

---

## एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फारवर्ड, नवीन पंजीयन के लिए समितियों को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों से संबंधित प्रविष्टियों को दुरुस्त एवं अद्यतन करने के लिए समिति लॉगिन के माध्यम से आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। संशोधन का प्रावधान 07 जनवरी 2026 तक जिले की समस्त समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के आदेशानुसार किसानों से जुड़े खसरा/रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, नवीन पंजीयन आदि कार्रवाईयों को चरणबद्ध एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। आदेशानुसार सबसे पहले पात्र कृषकों की पूर्व प्रविष्टियों का कैरी फारवर्ड कार्य समिति लॉगिन से किया जाएगा, जिसे 15 जनवरी 2026 तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा। साथ ही वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन भी इसी अवधि में किया जाएगा, ताकि ऐसे कृषक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। इसके पश्चात एकीकृत किसान पोर्टल में कक्षकों के खसरा एवं रकबा सुधार, फसल विवरण की प्रविष्टि सहित सभी प्रकार के संशोधन किए जाएंगे। यह प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी, जिससे किसानों के रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि को सुधारा जा सके। इसी क्रम में जिन प्रकरणों में आधार विवरण त्रुटिपूर्ण पाए गए हैं, वहां पूर्व पंजीयन को निरस्त कर नवीन पंजीयन की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्य भी 15 जनवरी 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर कलेक्टर की अनुशंसा से पात्र कृषकों का नवीन पंजीयन भी 15 जनवरी तक किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समस्त संबंधित अधिकारियों एवं समितियों को निर्देशित किया है कि वे सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के समय पर मिल सके।

## शिक्षक राष्ट्र निर्माण के धुरी व आधार स्तंभ : ओपी

### रायगढ़ प्रांतीय सम्मेलन में जुटे राज्य भर के हजारों शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रांतीय सम्मेलन में राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करते हुए कहा कि छग शिक्षक संघ अपने स्थापना वर्ष से ही राष्ट्रहित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित के चार पुरुषार्थों के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सतत गतिशील है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के धुरी व आधार स्तंभ है। जानकारी देते हुए छग शिक्षक संघ के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि गत 3 एवं 4 जनवरी को आयोजित प्रांतीय सम्मेलन प्रदेश के प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय, कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े के मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक हआ। प्रांतीय सम्मेलन में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन टेकराम सेन के संयोजन में हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, अशोक शर्मा, भगोलीराम साहू, यूके दास, राजेश शर्मा, किशोर कुमार रथ, भागवत जगत, जयराम पटेल, डी.बसंत साव, रोहिणी देवांगन, अनिल पटेल, पुकराम पटेल, मनोज राणा सहित जिललेभर के सैकड़ों शिक्षकों ने उपस्थिति दी। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने दी है।

## पार्षद ने हितग्राहियों को चावल वितरण कर किया उत्सव का शुभारंभ



**महासमुंद।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 का 02 जनवरी से लेकर 09 जनवरी तक की अवधि में उपभोक्ता जागरुकता एवं चावल उत्सव का आयोजन शासन द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद भाऊ राम साहू द्वारा वार्ड 24 व 25 के हितग्राहियों को चावल वितरण कर शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चावल उत्सव का शुभारंभ किया गया।

## डीजे डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक, प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा



खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ग्राम गहनागाठा में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक यादव के ग्राम आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रतियोगिता में सामूहिक, एकल एवं युगल नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विधायक यादव ने प्रतिभागियों की कला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहवर्धन है, जो उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इससे पूर्व ग्रामवासियों ने विधायक यादव का ध्यान ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों की ओर आकृष्ट कराया, जिस पर उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से तुला राम साहू, कमल किशोर चंद्राकर, राकेश दीवान, खोमन दीवान, वेदप्रकाश दीवान, तिलक दीवान, लक्की साहू, डेमन दीवान, विनोद यादव, वासु यादव, अरुण चंद्राकर, फगवा दीवान, ओमप्रकाश साहू, खगेश दीवान, युवराज दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक में विभिन्न समितियां गठन करने के प्रस्ताव पर सदस्यों ने सहमति दी। छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन की प्रांतीय आह्वान एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन में भाग लेकर 29 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला महासमुंद द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर कलेक्टर के माध्यम से 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

इस दौरान पेंशनर साथी जिनका जन्मदिन जनवरी माह में आता हो उनका जन्मदिन मनाया गया। जिसमें पुनीत राम चंद्राकर, डीआर सोरी, रघुनाथ प्रसाद सिन्हा, गौतम ओसवाल, डॉ साधना कसार शामिल हैं। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के लिए 200 रुपए की सहयोग राशि प्रत्येक सदस्य से जमा करने का अनुरोध किया गया। विगत माह 17 दिसंबर 2025 में बलौदा बाजार में प्रांतीय पेंशनर दिवस में जिले से बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य शामिल हुए। पुनीत राम चंद्राकर, डीआर सोरी एवं कुंती देवांगन द्वारा भी मनमोहक गीत भजन एवं शेरो शायरी से सबका मनोरंजन किया गया। वरिष्ठ सदस्य बसंत चंद्राकर द्वारा उपस्थित सदस्यों को अपना विचार रखते हुए कहा कि जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं रहते उनके घर में जाकर बैठक में आने के लिए आमंत्रित करेंगे तथा सहयोग राशि देने की अपील करेंगे। बैठक का संचालन डा अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष एवं आभार प्रदर्शन सनमान सिह दीवान ने किया।

इस अवसर पर संरक्षक केआर चंद्राकर, हरक राम चंद्राकर, डॉ अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष, बीआर देवांगन, मनराखन लाल ध्रुव, बीआर ध्रुव, डीआर सोरी, छविराम दीवान, पुनीत राम चंद्राकर, सलमान सिंह दीवान, बसंत कुमार चंद्राकर, राम नारायण चंद्राकर, बंशी लाल चंद्राकर, महेश कुमार शर्मा, अर्जुन लाल साहू, आरके वर्मा, सनत कुमार यादव, बसंत लाल साहू, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, घनश्याम ध्रुव समेत बड़ी संख्या में पेंशनरगण मौजूद रहे।

## जिले के सभी जनपदों में मनाया गया आवास दिवस एवं रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद अंतर्गत सभी जनपद पंचायतों में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं वीबी-जी राम जी अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा तथा हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में ऐसे हितग्राहियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने निर्धारित समय से पूर्व अपने आवास का निर्माण पूर्ण किया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, जिससे अन्य हितग्राही भी प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में अपूर्ण आवासों की भी समीक्षा की गई। संबंधित हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने, सामग्री के समुचित उपयोग तथा नियमित निरीक्षण पर जोर दिया।

रोजगार दिवस के अवसर पर वीबी-जी राम जी अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी दी गई तथा पात्र ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जुपिटर स्कूटी से गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड से सटे पर्यटन ग्राम बारनवापारा में पुलिस ने जुपिटर स्कूटी से गांजा तस्करी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग थैलों में भरा हुआ कुल 8 थैला गांजा बरामद किया गया है। मिली जानकारी अनुसार, बारनवापारा स्थित वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय के पास बया चौकी पुलिस ने घेराबंदी कर स्कूटी सवार दो युवकों को रोका। तलाशी के दौरान स्कूटी में रखे अलग-अलग थैलों से गांजा बरामद हुआ। समाचार लिखे जाने तक बरामद गांजा का वजन नहीं किया जा सका था। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों की पहचान सूरज सेन और फलेश कुमार साहू के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नई जुपिटर स्कूटी से ओडिशा से गांजा लेकर महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के बुंदेली मार्ग के रास्ते पिथौरा थाना क्षेत्र पार करते हुए कसडोल जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन बारनवापारा में बया चौकी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान एएसआई अश्वनी पड़वार मौके पर मौजूद रहे, हालांकि उन्होंने मीडिया के सवालों से बचते हुए किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी देने से इनकार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## कबड्डी स्पर्धा के समापन में शामिल हुए अमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



ग्राम अमलोर में 5 व 6 जनवरी को दो दिवसीय ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर शामिल हुए। अध्यक्षता सरपंच जयप्रकाश यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दसरी दौलत ध्रुव, पिंकी निषाद उप सरपंच, पूर्व सरपंच सिरपुर थनवर यादव, गजाधर धीवर आदि थे। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्य अतिथि आम अरुण चंद्राकर का पुष्प माला, श्रीफल से स्वागत किया। खिलाड़ियों व उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अमर ने कहा कि सिरपुर क्षेत्र के ग्रामों में प्रतिवर्ष वृहद स्तर पर कबड्डी खेल का आयोजन होता है। जो स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रतिभा निखारने का एक बेहतर माध्यम बन रहा है। हमारा प्रयास क्षेत्र में एक बेहतर कबड्डी खेल मैदान उपलब्ध कराने के लिए है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की सक्रियता से ही कबड्डी जैसे मिट्टी से जुड़ा हुआ खेल आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए बेहतर खिलाड़ी होने का परिचय देने प्रेरित किया। साथ ही आयोजन समिति को आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुभाष चंद्राकर, डिगेश खैरवार, बाबा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य, खिलाड़ी गण, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव एक फरवरी से, कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

**महासमुंद।** ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में माघ पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 01 से 03 फरवरी 2026 तक भव्य गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला प्रशासन की टीम सिरपुर पहुंची और आयोजन स्थल सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, सिरपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ धम्म शील गणवीर मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं जन सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिरपुर महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, आयोजन में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने महोत्सव परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मंच तक पहुंचने वाले मार्गों को पर्याप्त चौड़ा रखने, सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि महोत्सव परिसर में विभागीय स्टॉल, स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, स्व-सहायता समूहों के उत्पाद, वन उत्पाद, पर्यटन एवं संस्कृति से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिरपुर एवं आसपास के स्थानीय व्यवसायियों, सरस मेला, स्व-सहायता समूहों तथा कारीगरों को स्टॉल आबंटन में प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिल सके। स्टॉल ले-आउट इस प्रकार तैयार किया जाए कि आगंतुकों को आसानी से भ्रमण करने की सुविधा मिले तथा आपातकालीन स्थिति में निकास मार्ग बाधित न हो। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड कलाकारों सहित स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की आकर्षक छटा देखने को मिलेगी। कार्यक्रम का आयोजन प्रति दिन सायं 04 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिदिन महानदी आरती का आयोजन भी किया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य मंच को आकर्षक एवं सांस्कृतिक थीम आधारित सजावट देने के निर्देश दिए। महोत्सव परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साफ-सफाई एवं कचरा प्रबंधन के लिए स्थानीय पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक दिन कार्यक्रम समाप्ति के बाद कचरा उठाव अनिवार्य रूप से किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने के निर्देश दिए गए। सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था तथा महोत्सव परिसर की सड़कों की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### सोरिद की छात्राओं को साइकिल वितरित

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल सोरिद में कक्षा 9वीं के 15 छात्राओं को जिला पंचायत सदस्य वेदिका प्रकाश पटेल, सरपंच जानकी प्रहलाद ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, राधिका ध्रुव, सुधा चंद्राकर एवं गांव के अन्य सदस्य सुकदेव नेताम, परमेश्वरी साहू, प्रभारी प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ।

### दो दिवसीय सत्संग 10 से

**महासमुंद।** स्थानीय अंजोरी भवन शास्त्री चौक के पास दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया गया है। जिसमें सूरत गुजरात कबीर आश्रम से विवेक साहेब अपनी संत मंडली के साथ पहुंचेंगे। इसी तरह मुरा धमतरी की साध्वी सुमन साहेब अपनी मंडली के साथ पहुंचेंगे। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 तक और शाम 3 से 5 बजे तक प्रवचन होगा। उक्त जानकारी रुद्रकुमार, मुकुंद साहू ने दी है।

### कॉलेज में कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के मार्गदर्शन एवं हिंदी विभाग द्वारा रायपुर साहित्य उत्सव के तहत महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए/बीएससी/बी काम तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। निबंध लेखन में डोलेश ध्रुव ने प्रथम तथा गीतांजलि कोसरिया ने द्वितीय एवं कविता लेखन में नूतन निषाद प्रथम तथा शुभम यादव द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुनीता साकेत ने किया।

### खट्टीडीह में मड़ई मेला कल

**महासमुंद।** ग्राम खट्टीडीह में 9 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांव की देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाएगी। बाद मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन की तैयारी में गांव के सालिक साहू, मानिक साहू, द्वारिका साहू, रुपेश साहू, चंद्रशेखर साहू, संजय निषाद, प्रदीप साहू, नरेंद्र कंवर, लोमस साहू, राजकुमार दीवान, शेष कुमार साहू, संतोष मानिकपुरी, टोहल साहू, रेवा कंवर, लेखराम साहू आदि जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी शिक्षक द्वारिका साहू ने दी है।

### खरोरा में पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

**महासमुंद।** भागवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर चार में 7 जनवरी को पवन पटेल ने पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ किया। इस दौरान रंजीत चंद्राकर ने कहा कि मां दुर्गा की महाआरती एवं जयकारे लगाकर महाआरती हुई। नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सद्मार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं। ताकि, समाज में सुख शांति प्राप्त हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों उपस्थित रहे।

### नर्रा में शाकंभरी जयंती महोत्सव कल

**नर्रा।** ग्राम नर्रा के कोसरिया मरार पटेल समाज के तत्वावधान में 9 जनवरी शुक्रवार को जोंक नदी स्थित शाकंभरी मंदिर परिसर में शांकभरी जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें प्रातः 9 बजे से हवन पूजन एवं गांव में बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज के अराध्य देवी कंदमूल साग भाजी की दात्री माता भगवती शाकंभरी देवी की विधि विधान से हवन पूजन की जाएगी। बाद प्रसादी वितरण में भोग भंडारा का आयोजन किया गया है। जयंती महोत्सव में समाज के लोगों को सम्मिलत होने की अपील की है।

# आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी में पानी टंकी हेतु भूमिपूजन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी में निर्माणाधीन पानी टंकी के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर महाशय धरमपाल चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि जितेंद्र भाटिया की अध्यक्षता में नैतिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। दिल्ली से पधारे गुलाटी परिवार के मनोज गुलाटी एवं दीपक प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। यह संपूर्ण आयोजन आचार्य मनजीत कुमार, महामंत्री आर्य समाज साकेत, के प्रेरणास्पद मार्गदर्शन से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आर्ष गुरुकुल तुरंगा के आचार्य राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुकुलों के संचालन और विकास में समाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज का सहयोग रुक जाए तो गुरुकुलों को आगे बढ़ाना कठिन हो जाता है। दीपक प्रसाद ने ब्रह्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि "आप सभी अत्यंत सुंदर और पवित्र वातावरण में पल रहे हैं, बढ़ रहे हैं और अध्ययन कर रहे हैं। यह आप सबका सौभाग्य है। मैं आप सभी को नमन करता हूँ, क्योंकि कलियुग में आर्य समाज से जुड़कर गुरुकुल में आना अपने आप में बहुत बड़ा सौभाग्य है।" मनोज गुलाटी ने कहा कि गुरुकुल के वातावरण में आकर उन्हें ऐसा अनुभव हुआ मानो उनके जीवन के दस वर्ष बढ़ गए हों। उन्होंने गुरुकुल के पर्यावरण, शांति और संस्कारपूर्ण वातावरण की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि "अभी इस निर्माण कार्य के लिए लगभग 60 से 70 प्रतिशत सहयोग किया गया है, परंतु जैसे-जैसे कार्य आगे बढ़ता जाएगा, वैसे-वैसे आगे के सहयोग के लिए भी मैं निरंतर प्रयास करता रहूंगा।" उन्होंने गुरुकुल परिवार को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर समाजसेवी नीलकांत पटेल की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गुरुकुल के आचार्य मुकेश कुमार सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे तथा ब्रह्मचारीगण कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन एवं वेद मंत्रों के साथ किया गया तथा समापन भी वेद मंत्रोच्चार, साधु-साधु धन्यवाद, आभार व्यक्त करते हुए और जय घोष के नारों के साथ किया गया।

# वैदिक रामानुज वार्षिकी सम्मान 2025 से सम्मानित हुई डॉ. गरिमा

## देव भूमि उत्तराखंड की पवित्र नगरी हरिद्वार में वैदिक प्रकाशन ने 60 साहित्यकारों को वैदिक रामानुज वार्षिकी सम्मान 2025 से किया अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



हरिद्वार उत्तराखंड में बुधवार को भव्य साहित्यिक सम्मान समारोह एवं पुस्तक विमोचन का आयोजन किया गया। जिसमें 16 साझा संकलन एवं एकल पुस्तिकाओं का विमोचन हुआ, जिसमें डॉ गरिमा दीवान समेत 60 साहित्यकारों को वैदिक रामानुज वार्षिकी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अभिषेक मिश्रा, सुनील सैनी 'सीना' और गोरखपुर की युवा कवयित्री एवं लेखिका हिना कौसर गोरखपुरी ने किया। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित अतिथि वैदिक प्रशासन की वरिष्ठ सलाहकार अंजलि सारस्वत, समन्वयक नीतू कुमारी, प्रबंधक गौरव मिश्रा, प्रकाशक प्रशस्ति सचदेव एवं सह प्रकाशक राधा मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अंजलि सारस्वत शर्मा के मधुर ईश वंदन के साथ हुआ, जिससे पूरा सदन भक्तिमय हो गया। इसके बाद 16 पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। फिर बाल कलाकारों में वेदांत मिश्रा और वरेन्या ने अपनी कविताओं से अपने भाव सभी तक पहुंचाए। बाल कलाकारों में तन्वी, वृना और अनाया ने अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया। कार्यक्रम के तीनों संचालक अभिषेक मिश्रा, सुनील सैनी एवं हिना कौसर गोरखपुरी ने अपने शानदार संचालन से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में वैदिक प्रकाशन की संस्थापक एवं प्रकाशक प्रशस्ति सचदेव एवं मीडिया प्रभारी सूर्यदीप ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी साहित्यकारों, रचनाकारों अतिथियों एवं तीनों संचालकों का आभार व्यक्त किया।



### सहकारी बैंक अध्यक्ष का परसुली केंद्र में हुआ स्वागत

**नर्रा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के बागबाहरा आगमन पश्चात ओडिशा सीमा से सटे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति परसुली संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया गया। यहां कर्मचारियों द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर का शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष लोचन पटेल, समिति प्रबंधक प्रभारी राजेश पटेल, तेजलाल साहू, नीलकंठ पटेल, कोमल मांझी, खिलेश्वर पटेल, धनसिन्हा आदि मौजूद रहे।



### कृषि मंत्री नेताम से जनपद जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**महासमुंद।** जनपद क्षेत्र महासमुंद की अध्यक्ष दिशा रामस्वरुप दिवान ने प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम से भेंटकर क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र की जनसमस्याओं, कृषि, सड़क, सिंचाई, रोजगार एवं ग्रामीण विकास से संबंधित आवश्यकताओं से मंत्री को अवगत कराया। भेंट के दौरान जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, जनपद सदस्य कौशिल्या ठाकुर एवं प्रियंका की उपस्थिति रही। सभी जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे तथा जनता की अपेक्षाओं को प्रस्तुत किया। मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना एवं शीघ्र सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

# शंकर नगर में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 19 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वार्ड 01 शंकर नगर में 19 से 27 जनवरी तक आशुतोष भगवान शिव का कथा शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ आचार्य पं. शिवम कृष्ण शास्त्री द्वारा संगीतमय कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रसंग सोमवार 19 को श्रीगणेश पंचांग पूजन, जलयात्रा, शिव महापुराण महात्म्य कथा, मंगलवार 20 अग्नि स्तंभ प्रादुर्भाव, पार्थिव, शिवलिंग महात्म्य, बुधवार 21 नारद मोह, सृष्टि विस्तार वर्णन, गुरुवार 22 सती चरित्र, दक्ष यज्ञ, शुकवार 23 शिव-पार्वती विवाह उत्सव, शनिवार 24 श्रीगणेश, स्कंध जन्म, रविवार 25 जलंधर शंखचूड़ उद्धार, तुलसी महिमा, सोमवार 26 द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राकट्य, बिल्वपत्र वर्षा, चढ़ौत्री, शोभायात्रा एवं मंगलवार 27 जनवरी को महारूद्राभिषेक हवन, गीता सार, पूर्णाहूति के साथ प्रसादी वितरण के साथ कथा विराम होगा। वार्डवासियों ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि कथा श्रवण कर कथा का लाभ लेकर अपने जीवन को धन्य बनायें।



# धान नहीं बेच पाने से परेशान किसान ने दी आत्मदाह करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद के ग्राम डूमरपाली के किसान रैनसिंग ध्रुव खरीदी केंद्र में अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं। कर्ज के बोझ से चिंतित होकर उन्होंने आत्मदाह की चेतावनी दी है। किसान ने बताया कि वे पिछले कई सालों से धान बेच रहे हैं। इस वर्ष उनके नाम से पंजीयन हुआ है और एग्रीस्टेक भी उनके नाम से है, लेकिन जब वे धान बेचने के लिए टोकन कटवाने के लिए जा रहे हैं तब पता चला कि धान पंजीयन में किसान के आधार नंबर की जगह नामिनी उनकी पत्नी चमारिनबाई दर्ज हैं, जिससे टोकन नहीं कट रहा है।

उन्होंने बताया कि वे अपुनर्जी समस्या के संबंध में कलेक्टर से लेकर विभागीय अधिकारी तक आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिससे वे परेशान हैं। किसान रैनसिंग ने बताया कि वे एक छोटे से किसान हैं। कर्ज लेकर धान का उपज लिया है। वे अधिकारी के पास शिकायत के लिए जाने का खर्ज भी निजी दुकान में धान बेचकर जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा, कर्ज के बोझ से चिंतित हैं। इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार है।



### साय सरकार के किसान विरोधी नीतियों के कारण धान बेचने से वंचित हो रहे किसानः विनोद

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि एग्रीस्टेक किसान पंजीयन की अनिवार्यता के बाद जिन किसानों ने पोर्टल में पंजीयन कराए हैं, वे किसान अब प्रशासनिक लापरवाही के चलते धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। ग्राम डूमरपाली के किसान रैनसिंग ध्रुव भाजपा शासन के प्रशासनिक विफलता का शिकार है। किसान ने अपनी ओर से धान बेचने के लिए जरूरी सभी नियमों का पालन किया। पोर्टल में कर्मचारियों की लापरवाही से हुई गलती का खामियाजा आज उसे धान बेचने से वंचित होकर भुगतना पड़ रहा है। यह केवल एक अकेले रैनसिंग की कहानी नहीं, अपितु महासमुंद जिला सहित प्रदेश के हजारों किसानों की व्यथा हैं, जो आज भाजपा की साय सरकार के किसान विरोधी नीतियों के शिकार हो रहे हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने की डाइट में अकादमिक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल द्वारा प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उप प्राचार्य उमादेवी से जिले के अकादमिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए जिले में बेहतर गुणवत्ता मूलक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा की बात की गई। डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने बताया कि इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मूलभूत समस्याओं से अवगत होते हुये श्रीमती पटेल द्वारा डाइट के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने एवं डाइट को आकर्षक बनाने के लिए राज्य स्तर पर उच्च अधिकारियों से चर्चा की बात कही गई। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा डीएलएड के छात्राध्यापकों से चर्चा करते हुए एक अच्छे एवं योग्य शिक्षक बनने की दिशा में आगे बढने की चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जिले का एकमात्र उच्च शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान है, जहां से विद्यालय के शिक्षक भी मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए बेहतर शिक्षण व्यवस्था कर सकते हैं। चूंकि, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वयं जिले के विभिन्न विद्यालयों को गोद लेकर अच्छे शिक्षा के लिए कृत संकल्पिक है। तत्संबंध में में प्राचार्य अरुण प्रधान सहित सभी अकादमिक सदस्यों का सुझाव प्राप्त किया एवं सतत विद्यालय मानीटरिंग पर चर्चा करते हुये डाइट से सतत अकादमिक मार्गदर्शन की अपेक्षा की गई। प्रवास के दौरान किशन पटेल द्वारा भी डाइट से आवश्यक चर्चा करते हुये जिले की शैक्षिक बेहतरी के लिये सुझाव लिया गया। इस दौरान शिक्षण कक्ष, कला कक्ष, पुस्तकालय का अवलोकन करते हुये प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहायक प्राध्यापक के सिंग, राजेश चंद्राकर, सुलमा द्विवेदी, व्याख्याता संतोष साहू, टेकराम सेन, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, लक्ष्मी सिन्हा, झरना साहू, ईश्वर चंद्राकर सहित समस्त अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य गण उपस्थित थे।

# नपाध्यक्ष ने किया वार्ड 18 में बोर खनन कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 18 में स्थानीय नागरिकों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा वार्ड पार्षद माधुरी धनीराम यदु द्वारा नवीन बोर खनन कार्य का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा प्रथम दायित्व है। आज वार्ड 18 के शिव चौक में बोर खनन कराया जा रहा है। इसका लाभ स्थानीय रहवासियों को मिलेगा। गर्मी के मौसम में लोगों को निस्तारी व पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए नागरिक लंबे समय से मांग कर रहे थे। नागरिकों के मंशानुरूप शहर में विकास कार्य कराए जा रहे है। इस अवसर पर पार्षद पीयूष साहू, पूर्व पार्षद शेखर जलक्षत्री, प्रकाश यादव, सोमू यादव, संजय यादव, हनुमंत यादव, आकाश यादव, वेद यादव, मनीष यादव, मुन्ना राजपूत, रामेश्वरी साहू, दीपेश देवांगन, देव जलक्षत्री, रामेश्वरी जलक्षत्री, ईश्वरी साहू आदि उपस्थित रहे।



# यादव समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग, विधायक को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप



क्षेत्र के 22 गांवों के यादव समाज के लिए एक सामुदायिक भवन की मांग को लेकर समाज के प्रमुखजनों ने महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से सौजन्य मुलाकात कर आवेदन सौंपा। मुलाकात के दौरान विधायक सिन्हा ने यादव समाज की इस मांग पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत ही जल्द सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। विधायक के इस आश्वासन से समाज के लोगों में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। इस दौरान उपसरपंच रामेश्वर गब्बर साहू, चैतराम यादव, कौशल साहू, मनोज यादव, शंभु यादव, अशोक यादव, रामपियारा यादव, हेमंत यादव, तरुण यादव, रामसिंग यादव, नंदकुमार नारद, नरोत्तम धरम यादव, हरिश यादव, भारत यादव, जयप्रकाश यादव, मालिक राम यादव, रत्थू यादव, सजनु यादव, गनेशु यादव, मुकेश यादव, गैंदराम यादव, लक्ष्मण यादव, वार्ड पंच तुलसा बाई यादव, सरवनी यादव, राधा यादव, ललिता यादव, शरदा बाई यादव, सोभा बाई यादव, प्रमिला बाई यादव, सिया बाई यादव, रेवती बाई यादव, सोनकुवर बाई यादव, चंदा बाई यादव, सोहद्रा बाई यादव, रूपा यादव, लता यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि सामुदायिक भवन के निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों को एक नया मंच मिलेगा।




